मंगलवार
3 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर



अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान
नालन्दा की जनता की आवाज
अपने क्षेत्र की खबर भेजने
और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
9031468165
9608311251



वर्ष 2, अंक 37 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com





मंगलवार
3 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 37 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com



## नकटपुरा वाटर पार्क गोलीकांड 33 नामजद के खिलाफ मामला दर्ज 18 गिरफ्तार, हथियार व वाहन बरामद



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत नकटपुरा वाटर पार्क में 1 मार्च, रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान तथा कार्यक्रम के उपरांत हुई मारपीट और गोलीबारी की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 33 नामजद एवं अन्य अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध बिहार थाना कांड संख्या 116/26 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है। घटना के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रातभर छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें कुल 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान किसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट और फायरिंग में बदल गया। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। सूचना मिलते ही बिहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। तत्पश्चात प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित छापेमारी की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों में जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित बिहार के विभिन्न जिलों के व्यक्ति शामिल हैं। इनमें सफीक अहमद खां, मो. आरिफ, मो. रफीक, शमीम, चांद, प्रदीप सिंह, रोहित कुमार, मो. ईमाम हुसैन, शिवराज कुमार, छोटू कुमार, प्रेमजीत कुमार, गोलू कुमार, शाहिल कुमार, अमन कुमार, रौशन कुमार उर्फ रौशन रोही, पंकज कुमार, सूरज कुमार तथा पलवेंद्र सिंह शामिल हैं।

घटना में प्रयुक्त हथियारों एवं अन्य सामग्रियों को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। बरामदगी में एक रायफल (आर्सनल नंबर 194200230), एक फोल्डिंग रायफल (यूएस रायफल सीएएल 30एम स्प्रिंग फील्ड आर्मरी अंकित), दो-दो नाली बंदूकें, विभिन्न बोर के जिंदा कारतूस एवं फायर किए गए खोखे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त तीन चारपहिया वाहन—एक काला स्कॉर्पियो (बीआर 01 जेडब्ल्यू 2456), एक उजला स्कॉर्पियो (बीआर 21पी 5284) तथा एक उजला फॉर्च्यूनर (बीआर 01 एचएफ 6034)—भी जब्त किए गए हैं।

पुलिस का कहना है कि नामजद अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही घटना स्थल से प्राप्त वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। तकनीकी साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर अनुसंधान आगे बढ़ाया जा रहा है।

छापेमारी दल का नेतृत्व बिहार थानाध्यक्ष द्वारा किया गया, जिसमें थाना की विशेष टीम शामिल रही। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और घटना में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।घटना के बाद क्षेत्र में एहतियातन पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। पुलिस आम लोगों से अपील कर रही है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।

## बेन में शराब के विरुद्ध कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

बेन (अपना नालंदा)। बेन थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन गश्ती अभियान के दौरान शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष रविराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गश्ती के दौरान उसरीपर के पास पक्की सड़क से दो व्यक्तियों को शराब सेवन की पुष्टि होने पर हिरासत में लिया गया।

गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान पंकज कुमार (पिता- मिट्ठी यादव, उम्र 18 वर्ष, निवासी रोहिया थाना Rahui) तथा भगवान दास (पिता- मुंशी पासवान, उम्र 58 वर्ष, निवासी सौरे) के रूप में की गई है। चिकित्सीय जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इसी क्रम में गैस गोदाम के पास पक्की सड़क से बिंदेश्वर चौधरी (पिता- रघु चौधरी, उम्र 65 वर्ष) को 24 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से शराब जब्त करते हुए आरोपी को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है और कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि शराबबंदी कानून का पालन करें तथा किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## होली पर्व पर शांति व्यवस्था हेतु प्रशासन का फ्लैग मार्च





रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालन्दा)। होली महापर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय स्थित श्रम कल्याण केंद्र मैदान से जिला पुलिस बल द्वारा भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और अलर्ट मोड में नजर आया।

फ्लैग मार्च का नेतृत्व जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भरत सोनी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी, दंडाधिकारी, सशस्त्र बल एवं विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस बल शामिल रही।

मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आमजन को सुरक्षा और विश्वास का संदेश देता रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता, हुड़दंग या असामाजिक गतिविधि को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पुलिस अधीक्षक भरत सोनी ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न करना और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि नालंदा पुलिस हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्ती और निगरानी बढ़ा दी गई है।प्रशासन ने लोगों से प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ होली मनाने तथा अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।

## हरनौत में नशे में धुत युवक की सूचना पर पहुंची पुलिस




बिहारशरीफ (अपना नालन्दा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के दैली गांव स्थित महादलित टोला (वार्ड संख्या 17) में सोमवार देर रात लगभग साढ़े नौ बजे शराब के नशे में धुत एक युवक के पड़े होने की सूचना पर डॉयल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि युवक रविंद्र मांझी के घर के समीप अमानवीय स्थिति में पड़ा हुआ था।

सूचना मिलते ही डॉयल 112 की टीम गांव पहुंची, लेकिन मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस द्वारा नशे में धुत युवक की तलाश और स्थिति की जांच करने के बजाय सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पर अधिक ध्यान दिया गया। बताया जाता है कि पुलिस के पहुंचने तक सूचक का मोबाइल तकनीकी कारणों से बंद हो गया था।

ग्रामीणों के अनुसार, पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों को एकत्र कर सूचक और पुलिस के बीच हुई फोन वार्ता की रिकॉर्डिंग भी सुनाई। हालांकि, आरोप है कि पुलिस ने नशे में पड़े युवक से समुचित पूछताछ या चिकित्सकीय जांच की पहल किए बिना ही वहां से लौट गई।

घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी स्थिति में युवक की स्वास्थ्य जांच और आवश्यक कार्रवाई प्राथमिकता होनी चाहिए थी। फिलहाल इस मामले में आधिकारिक प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# सड़क दुर्घटना में सोलह वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत



थरथरी (अपना नालंदा)। हिलसा-नूरसराय मार्ग पर भतहर गांव स्थित खरनैया पुल के समीप देर रात हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में सोलह वर्षीय युवक की मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के नोनौरा बेलदारी निवासी सुदर्शन चौहान के पुत्र रोहित कुमार के रूप में की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार की देर रात की है। सोमवार सुबह राहगीरों ने सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा, जबकि उसकी मोटरसाइकिल सड़क से नीचे खाई में गिरी हुई थी। रात में अंधेरा अधिक होने के कारण आने-जाने वाले लोगों को दुर्घटना की जानकारी नहीं मिल सकी।


सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष साजिद अख्तर पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ की। युवक की पहचान उसकी जेब से मिले आधार पत्र के आधार पर की गई। बताया जाता है कि रोहित कुमार अपने मित्र के जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए नूरसराय थाना क्षेत्र के कचरा मुसहरी जा रहा था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि मार्ग में किसी कारणवश दुर्घटना हो गई।

रोहित अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है।









# साहित्य साधना को सम्मान : अंशिता सिन्हा बनीं 'विद्या वाचस्पति'



नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा थाना क्षेत्र के महमदपुर गाँव निवासी मंजू रानी एवं जनार्दन प्रसाद की पुत्री लेखिका अंशिता सिन्हा को 'डॉक्टर (विद्या वाचस्पति)' की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान काशी हिन्दी विद्यापीठ द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह रांची में आयोजित हुआ, जहाँ संस्थान के कुल सचिव इंद्रजीत तिवारी एवं कोषपाल पवन कुमार सिंह ने उन्हें यह उपाधि प्रदान की।

कार्यक्रम में सेंट जेवियर कॉलेज रांची के भूतपूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. कमल कुमार बोस, वरिष्ठ साहित्यकार अनिता रश्मि, प्रतिभा प्रसाद कुमकुम, डॉ. श्याम कुंवर भारती, मधुमिता साहा सहित देशभर से आए अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे। समारोह साहित्यिक गरिमा और उत्साह से परिपूर्ण रहा।यह मानद उपाधि उन विभूतियों को दी जाती है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि और समाज पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ा हो। अंशिता सिन्हा को साहित्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान मिला है। वे वर्षों से अपनी लेखनी के माध्यम से साहित्य सेवा में सक्रिय हैं।अब तक उनकी चार पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें एक कहानी संग्रह और तीन काव्य संग्रह शामिल हैं। उनकी पाँचवीं पुस्तक शीघ्र प्रकाशन की प्रक्रिया में है। इसके अतिरिक्त वे कई साझा संग्रहों का संपादन भी कर चुकी हैं तथा अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत हो चुकी हैं। उनके इस सम्मान से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# बेन में जीविका सिलाई सेंटर का शुभारंभ, मंत्री व सांसद ने किया उद्घाटन



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)।बेन प्रखंड मुख्यालय स्थित जीविका सिलाई सेंटर का उद्घाटन सह आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच पोशाक वितरण कार्यक्रम हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार तथा नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

अपने संबोधन में मंत्री श्रवण कुमार ने जीविका दीदियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक जीविका दीदी को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि सिलाई सेंटर के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण के साथ रोजगार का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे अपने परिवार के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी।

सांसद कौशलेंद्र कुमार ने भी महिलाओं के सशक्तिकरण और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन जिला परियोजना प्रबंधक संजय कुमार पासवान एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक सुश्री मनीषा भारती ने किया।

समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र बाबू, जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेंद्र कुमार, सुधीर प्रसाद, टुनटुन सिंह, कलीम अशरफ, सामुदायिक समन्वयक शोभा कुमारी, बसंती कुमारी, प्रेमलता कुमारी, इंदु कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पोशाक प्राप्त करने के बाद बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी, जिससे पूरा माहौल भावुक और उल्लासपूर्ण बन गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर उपस्थित जनों ने प्रसन्नता व्यक्त की।









# विद्यासागर इंग्लिश स्कूल में होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न




सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालन्दा)। बेन प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्यासागर इंग्लिश स्कूल में होली मिलन समारोह बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर को आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बनाते हुए यादगार बना दिया। दार्जिलिंग से संबद्ध सभी शिक्षक अपने आवासीय परिसर में एकत्रित हुए और विद्यालय के छात्रों, अभिभावकों तथा सहकर्मियों के साथ मिलकर रंगों का यह पर्व मनाया।

समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। परिसर में खुशी और उल्लास का वातावरण बना रहा। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। गीत, नृत्य और लघु प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया, जिससे उपस्थित अभिभावक भी भावविभोर हो उठे।

विद्यालय प्रबंधन ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में सामाजिक समरसता, सहयोग और आपसी सम्मान की भावना मजबूत होती है। होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के करीब आने का अवसर भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया तथा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से होली मनाने का संदेश दिया गया।

पूरे समारोह में अनुशासन और गरिमा का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह आयोजन सफल और प्रेरणादायक बन सका।






अपना नालंदा
अपना शहर अपना खबर
# अपना नालन्दा



## नगर पंचायत कार्यालय में होली मिलन समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालन्दा)। स्थानीय हरनौत नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों की सहभागिता रही।

उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सामाजिक एकता, सद्भाव और आपसी प्रेम को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम मतभेदों को भुलाकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। समारोह में कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों ने गले मिलकर पर्व की बधाई दी और मिठाइयाँ बांटकर खुशी साझा की।सुरेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व हमें जीवन में आनंद की अनुभूति कराता है तथा दूसरों के साथ मिलकर खुशियाँ मनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की।

समारोह के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। अंत में सभी ने समाज में भाईचारा बनाए रखने और मिलजुल कर त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

## साईं कृष इंटरनेशनल स्कूल में नवम वार्षिकोत्सव समारोह भव्य रूप से सम्पन्न



चंडी (अपना नालंदा)। लालगंज, चंडी स्थित साईं कृष इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय का नवम वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक एवं विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे पूरा परिसर तालियों की गूंज से भर उठा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभियंता एल. के. पटेल, सलाहकार, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंगलम प्रसाद, प्रादेशिक समाचार प्रमुख, सहारा समाचार माध्यम, बिहार तथा सुमित रंजन कुमार की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि विद्यालय




की नौ वर्षों की यात्रा शिक्षा के साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन की दिशा में सराहनीय रही है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और सृजनात्मक सोच को सुदृढ़ करते हैं।

समारोह की सफलता में विद्यालय के निदेशक सुमित रंजन, प्राचार्य अभिषेक कुमार तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया।






## संपादकीय जेपी चौधरी

# भारत को होने वाली कच्चे तेल की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होगी,भारत को ईरान-अमेरिकी संघर्ष की कीमत चुकानी होगी



अमेरिकी-इस्राइली हमले को पश्चिमी देशों द्वारा तार्किक बताया जा रहा है। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई तथा उनके परिजनों समेत कई लोगों की मौत को किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। यह समय वैश्विक कानून-व्यवस्था के भंग होने और अमेरिका के साम्राज्यवादी मंसूबों के सिरे चढ़ने का है। जब से ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, उन्होंने वैश्विक संप्रभुता और संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया की तमाम नियामक संस्थाओं को बेबस बना दिया है। वेनेजुएला में हमला करके राष्ट्रपति निकोलेस मादुरो को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाने के बाद अब खामेनेई की परिवार समेत हत्या ने दर्शा दिया है कि दुनिया फिर जंगल-राज की तरफ बढ़ रही है। शक्ति बंदूक की नोक से निकलती दिख रही है। छोटे राष्ट्रों की संप्रभुता संकट में है। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण, वेनेजुएला व ईरान पर अमेरिकी हमला बता रहा है कि आने वाले दिनों में ताइवान जैसे अन्य संकटग्रस्त देशों के सामने अस्तित्व बनाये रखने की चुनौती होगी। पूरी दुनिया में आपूर्ति श्रृंखला में आये व्यवधान तथा ट्रंप के टैरिफ आतंकवाद से दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही चरमरा रही है। रोजगार के अवसर कम हुए हैं और लोगों को भारी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। ईरान पर अमेरिका-इस्राइल के हमले की प्रतिक्रिया मध्यपूर्व के अलावा पश्चिमी देशों में आने वाले समय में दिखाई देगी। जिसकी असली कीमत मानवता को ही चुकानी होगी।

आने वाले दिनों में भारत को ईरान-अमेरिकी संघर्ष की कीमत चुकानी होगी। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। भारत के लिये मुश्किल यह भी है कि ईरान पर हमला प्रधानमंत्री की इस्राइल यात्रा के तुरंत बाद हुआ है। जिससे भारत के लिये मध्यपूर्व को लेकर विदेश नीति में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। इससे हार्मुज स्ट्रेट रूट से भारत को होने वाली कच्चे तेल की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होगी। वहीं दूसरी ओर मध्यपूर्व में कार्यरत नब्बे लाख से अधिक भारतीयों पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव पड़ेगा और उनके द्वारा भारत भेजी जाने वाली धनराशि भी प्रभावित होगी। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की पचास फीसदी आपूर्ति होर्मुज स्ट्रेट रूट से होती है। रूसी तेल खरीदने पर अमेरिकी दबाव के चलते भी इस रूट से भारतीय आपूर्ति बढ़ी है। इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने का सीधा असर भारत में कच्चे तेलों के दामों पर पड़ेगा। भविष्य में भारतीयों को तेल कीमतों में वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। वहीं लाल सागर से होने वाली तेल आपूर्ति भी ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों की धमकी से प्रभावित होगी। कूटनीतिक स्तर पर भी भारत को असहज स्थिति का सामना करना पड़ेगा। भारत इस समय ग्लोबल साउथ के नेतृत्व का दावा करता है और फिलहाल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, ईरान भी पिछले साल ब्रिक्स का सदस्य बन चुका है। ऐसे में क्या भारत इस हमले का विरोध करने की स्थिति में है?

# होली पर्व पर कतरीसराय में पुलिस का फ्लैग मार्च



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को कतरीसराय थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। यह मार्च गिरियक पुलिस निरीक्षक सुमंत कुमार एवं अंचलाधिकारी स्वेता कुमारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

फ्लैग मार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर कटौना, पटोरिया, दरवेशपुरा, मायापुर, छाछुविगहा, बहादुरगंज, बरांदी, मैरा और बरीठ सहित अन्य गांवों से गुजरते हुए पुनः थाना परिसर में आकर समाप्त हुआ। इस दौरान थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल रहे।मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने गांवों का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से शांति, भाईचारा और आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए होली मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि होली को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी, ताकि सभी नागरिक सुरक्षित एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में होली का आनंद ले ।

# बिहार सेंट्रल स्कूल के 21वें स्थापना दिवस समारोह में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नूरसराय प्रखंड के शिक्षा नगर डोइया स्थित बिहार सेंट्रल स्कूल में रविवार को 21वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और पूरे कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों, अतिथियों एवं विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। समारोह ने विद्यालय की 21 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा और उपलब्धियों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रणधीर कुमार (प्राचार्य, हॉर्टिकल्चर कॉलेज नूरसराय), डॉ. मोहम्मद खुर्शीद आलम (डीएसपी ट्रैफिक), डॉ. राजीव रंजन (सदर अस्पताल, बिहारशरीफ), डॉ. विनीता (एमओ, सदर अस्पताल, बिहारशरीफ) तथा विद्यालय के प्राचार्य श्याम सुन्दर प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही वातावरण में उल्लास और ऊर्जा का संचार हो गया।

समारोह की शुरुआत पारंपरिक गणेश वंदना से हुई, जिसे विद्यालय के विद्यार्थियों ने अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। इसके पश्चात एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आरंभ हुई। राजस्थानी लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग-बिरंगे परिधानों और पारंपरिक संगीत की धुन पर बच्चों ने शानदार तालमेल और आत्मविश्वास का परिचय दिया।


विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने सामाजिक संदेश के माध्यम से सभी को सोचने पर विवश कर दिया। नाटक में शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। इसके अतिरिक्त देशभक्ति गीत, समूह नृत्य और एकल गायन जैसी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। हर प्रस्तुति पर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों का फैशन शो रहा। छात्र-छात्राओं ने आत्मविश्वास और सौम्यता के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। पारंपरिक एवं आधुनिक परिधानों में सजे बच्चों ने अपनी प्रतिभा और अभिव्यक्ति क्षमता का सुंदर प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।अपने संबोधन में प्राचार्य श्याम सुन्दर प्रसाद ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिहार सेंट्रल स्कूल का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का समावेश ही सच्ची शिक्षा है।मुख्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों को जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी। साथ ही विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार ने शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प दोहराया। स्थापना दिवस समारोह ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि बिहार सेंट्रल स्कूल शिक्षा के साथ-साथ प्रतिभा संवर्धन का भी सशक्त केंद्र है।



## आपदा पीड़ित परिवारों को मंत्री श्रवण कुमार ने दी आर्थिक सहायता



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालन्दा)। ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने बेन प्रखंड क्षेत्र में आपदा प्रभावित परिवारों के बीच आर्थिक सहायता एवं जमीन का बंदोबस्ती पर्चा वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि सरकारी खजाने पर सबसे पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है और राज्य सरकार हर जरूरतमंद परिवार के साथ खड़ी है।

मंत्री श्रवण कुमार ने सूरज कुमार (पिता- बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह, ग्राम मैंजरा, थाना बेन) की पानी में डूबने से हुई मृत्यु के बाद उनके परिजन को चार लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान चेक प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि सरकार दुख की इस घड़ी में पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ है।

इसके अतिरिक्त प्रियंका देवी (पति- भूषण पासवान, ग्राम महम्मदपुर, बेन) एवं मंजू देवी (पति- रामचंद्र प्रसाद, ग्राम महम्मदपुर, बेन) को घर निर्माण हेतु जमीन का बंदोबस्ती पर्चा सौंपा गया। मंत्री ने कहा कि आवास और जमीन जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रत्येक नागरिक का अधिकार हैं तथा सरकार इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ पात्र लाभुकों तक पहुंचे। साथ ही लोगों से अपील की कि किसी भी आपदा की स्थिति में प्रशासन को तुरंत सूचना दें, ताकि त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## बेन में सूखे कुएं से महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। प्रखंड मुख्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर एक सूखे कुएं से महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

बताया जाता है कि सूखे कुएं के किनारे लगे तार के पेड़ से साड़ी के फंदे के सहारे एक महिला का शव झूलता हुआ पाया गया। स्थानीय लोगों की नजर पड़ते ही घटना की सूचना बेन थाना को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकलवाया।

मृतका की पहचान बेन निवासी स्वर्गीय रामजतन पासवान की पत्नी चिंता देवी (लगभग 50 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया है। टीम द्वारा आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि घटना के कारणों का स्पष्ट पता लगाया जा सके।

पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी हुई है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।



## होली शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु तेलमर पुलिस का मार्च



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से तेलमर थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस द्वारा मार्च निकाला गया। यह मार्च थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में निकाला गया, जिसमें पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल रहे।

मार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए पुनः थाना परिसर में समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस बल ने तेलमर, ललुआडीह, बेजापति, जीवनपुर, जगतपुर, सोराडीह, भेड़िया, विरेयापर, बेढ़ना, गोसाईमठ, न्याखंदा, मोहनखंदा, काजीपुर, भोजपुर, पाकड़, मुस्ताफापुर, नूरनगर, छिडली, वनगच्छा, पनपनमा तथा हृदन बिगहा सहित कई गांवों में गश्ती की और लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की।

थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस की सतर्क निगरानी सभी संवेदनशील स्थानों पर बनी रहेगी। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

मार्च के दौरान ग्रामीणों में सुरक्षा का संदेश गया तथा लोगों ने पुलिस के इस कदम की सराहना की। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है, जिसे शांति और अनुशासन के साथ मनाया जाना चाहिए।

## पानी भरे गड्ढे में गिरने से डेढ़ वर्षीय बालक की मृत्यु



हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के पोआरी गांव में सोमवार की शाम एक हृदयविदारक घटना में डेढ़ वर्षीय मासूम बालक की पानी से भरे गड्ढे में गिरने से मृत्यु हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार मृतक बालक प्रेमन कुमार, पिता सुधीर मांझी, निवासी महादलित टोला, पोआरी गांव का रहने वाला था। पोआरी पंचायत के पूर्व मुखिया सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बालक खेलते-खेलते घर के समीप स्थित पानी से भरे गड्ढे के पास पहुंच गया और अचानक उसमें गिर पड़ा। जब तक परिजन उसे निकालते, तब तक उसकी स्थितिगंभीर हो चुकी थी।

परिजन आनन-फानन में बच्चे को उपचार के लिए ले गए, किंतु उसे बचाया नहीं जा सका। इस दर्दनाक हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव के लोग भी शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में खुले एवं गहरे गड्ढों को शीघ्र भरवाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# डाकघर परिसर में होली मिलन समारोह सौहार्दपूर्वक सम्पन्न




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। India Post के अंतर्गत प्रधान डाकघर, बिहारशरीफ परिसर में होली के पावन अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता की सुंदर झलक देखने को मिली।

समारोह का संचालन मिथिलेश कुमार, सहायक डाक प्रबंधक (लेखा) के नेतृत्व में किया गया। पारंपरिक होली गीतों की मधुर धुनों और रंगों की छटा से पूरा परिसर उल्लासमय हो उठा। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर डाक अधीक्षक, नालंदा मंडल, कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि होली प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का पर्व है। यह त्योहार भेदभाव मिटाकर लोगों को आपस में जोड़ने का संदेश देता है। उन्होंने सभी कर्मियों को मिलजुल कर सकारात्मक कार्य संस्कृति बनाए रखने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में डाक निरीक्षक रामाशीष प्रसाद, रंजीत कुमार राजक, इंद्रेश विक्रांत, परिवाद निरीक्षक अभिषेक कुमार, अमलेश कुमार तथा पोस्टमास्टर मनीष कुमार आनंद सहित डाक विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अंत में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का समापन किया। समारोह ने कार्यस्थल पर सहयोग, एकता और आपसी विश्वास की भावना को और मजबूत किया।

# रोटरी क्लब तथागत का रंगोत्सव, सैकड़ों बच्चों संग मनाई होली




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। Rotary Club Tathagat द्वारा सोमवार को होली के पावन अवसर पर भव्य रंगोत्सव एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्लब सदस्यों के साथ इंटरैक्ट क्लब के बच्चे तथा Rotary Tathagat School के लगभग 350 छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों की उमंग और हंसी-खुशी से पूरा वातावरण रंगमय हो उठा। इंटरैक्ट क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य सदस्यों ने भी रोटेरियनों के साथ मिलकर पर्व का आनंद उठाया।पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और समाज में एकता व सद्भाव को सुदृढ़ करती है। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन परमेश्वर महतो ने कहा कि यह पर्व आपसी मतभेद भुलाकर सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश देता है। सचिव रोटेरियन मधु कंचन ने सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने की अपील की। प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन जोसेफ टी. टी. एवं रोटेरियन संजीव दास ने सभी सदस्यों, शिक्षकों, बच्चों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर रो ई अरविंद कुमार, रो डॉ. विभाष प्रियदर्शी, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन अशोक कुमार, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन विश्व प्रकाश, रो रश्मि दास, रो अनिल कुमार तथा रो अनिल सैनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

आयोजन के माध्यम से क्लब ने सामाजिक समरसता और सेवा भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

# यूनिक क्लासेस के दो छात्रों को सैनिक स्कूल में मिली सफलता




हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा शहर के चिकसौरा रोड मोड़ स्थित देवनगर में संचालित Unique Classes Hilsa में सोमवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सैनिक विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2026-27 में सफल होकर नामांकन हेतु चयनित दो छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

संस्थान के प्रधानाध्यापक मनीष कुमार ने बताया कि संस्थान की स्थापना वर्ष 2025 में हुई थी। प्रथम सत्र में आठ विद्यार्थियों में से दो ने सैनिक विद्यालय परीक्षा में भाग लिया और दोनों ने सफलता प्राप्त कर संस्थान तथा हिलसा का नाम गौरवान्वित किया। सफल छात्रों में प्रियांशु कुमार सिन्हा एवं यशस्वी गोपाल शामिल हैं। उपस्थित लोगों ने दोनों विद्यार्थियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में जिला स्वीप आइकन डॉ. आशुतोष कुमार मानव तथा मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने कहा कि हिलसा जैसे शहर के विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि परिश्रम और सही मार्गदर्शन से छोटे शहरों के बच्चे भी बड़ी सफलता अर्जित कर सकते हैं।

इस अवसर पर निजी विद्यालय संघ हिलसा के प्रवक्ता संतोष कुमार पार्थ, उतम बर्मा, जीवन कुमार, आर्य कुमार, सोनू कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के उपरांत होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी।

# रीना यादव के आवास पर भव्य होली मिलन समारोह आयोजित



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालन्दा)। नालंदा जिले में होली के अवसर पर एमएलसी रीना यादव के आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

समारोह के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक गीत-संगीत और आपसी मिलन के साथ पूरे वातावरण में उत्साह और उल्लास देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर रीना यादव ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पर्व को शांति, सद्भाव और आपसी सम्मान के साथ मनाएं तथा समाज में सकारात्मक संदेश फैलाएं।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी जिलेवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प दोहराया। पूरे आयोजन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहा।

# नीतीश कुमार ने सैदपुर-बाकरगंज परियोजनाओं की समीक्षा, कार्य में तेजी के निर्देश




जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सैदपुर भूमिगत नाला सह सड़क निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष परासर एवं जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस०एम० ने योजना की प्रगति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैदपुर नाले का सुदृढ़ जीर्णोद्धार कर उसके ऊपर फोर लेन सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि सैदपुर, राजेंद्र नगर, मुसल्लहपुर हाट, गायघाट और पहाड़ी क्षेत्र में जाम की समस्या समाप्त हो सके। इससे न्यू पटना बाईपास से जुड़ने केलिए एक वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध होगा। उल्लेखनीय है कि 5.61 किलोमीटर लंबे सैदपुर नाला परियोजना पर 259.81 करोड़ रुपये की लागत से कार्य कराया जा रहा है, जिसके माध्यम से शहर के नौ ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन और एक सीवरेज शोधन संयंत्र का पानी प्रवाहित होता है।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बाकरगंज भूमिगत नाला सह सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा हो। लगभग 1.4 किलोमीटर लंबी यह सड़क जल निकासी को सुदृढ़ करेगी तथा क्षेत्र में जलजमाव और यातायात समस्या से राहत दिलाएगी। निरीक्षण के दौरान वरीय प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रबुद्ध हिंदू समाज की ओर से महावीर मंदिर में किया गया कम्बल वितरण




जेपी चौधरी

पटना(अपना नालंदा)। प्रबुद्धजनों की प्रतिष्ठित संस्था 'प्रबुद्ध हिंदू समाज' के तत्त्वावधान में सोमवार को पटना जंक्शन स्थित महावीर मन्दिर में अभावग्रस्त व्यक्तियों के बीच कम्बलों का वितरण किया गया। संस्था के मुख्य संरक्षक और बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ, संस्था के अध्यक्ष प्रो जनार्दन सिंह, कोषाध्यक्ष ई० महेन्दर शर्मा, आंतरिक-अंकेक्षक रंजन कुमार मिश्र तथा डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने दर्जनों गरीब महिलाओं और पुरुषों को कम्बल प्रदान किए।

इस संक्षिप्त समारोह में अपना विचार रखते हुए बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने सेवा के इस कार्य हेतु प्रबुद्ध हिंदू समाज की सराहना की तथा कहा कि प्रत्येक प्रबुद्ध और सक्षमव्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह सुनिश्चित करे कि उसके पास का कोई व्यक्ति दुखी न हो। वेद-वाक्य "सर्वे भद्राणि पश्यन्तु ! मा कश्चिद दुःखभाग भवेत!" का आशय यही है। संसार में सभी सुखी और स्वस्थ रहें, यह सुनिश्चित करना समाज के सभी प्रबुद्ध और सक्षम व्यक्तियों का कर्तव्य है। प्रबुद्ध हिंदू समाज ने अपने इसी कर्तव्य को पूरा किया है।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सूरज सिंह समेत महावीर मंदिर के सेवा-कर्मियों ने वितरण-समारोह को सुव्यवस्थित करने में अपना पूरा सहयोग दिया। इसके पूर्व मंदिर की ओर से भोजन की अपेक्षा लेकर आए व्यक्तियों को निःशुल्क भोजन कराया गया।




# प्रेम और आत्मविश्वास के संघर्ष को दर्शाती है "मरणोपरांत"



पटना (अपना नालन्दा)।पटना की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था विश्वा, पटना, जो पिछले 15 वर्षों से रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय है। तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव 'विश्वोत्सव 2025-26' का आयोजन कर रही है।जिसमे आज दिनांक 26 फरवरी 2026 को संध्या 6:30 बजे, इमेजिनेशन स्कूल ऑफ़ ड्रामा एंड फिल्म मेकिंग, इ1, देश रतन पथ, SBI ऑफिसर्स कॉलोनी, कंकड़बाग़, विजय नगर, पटना-800026 में सुरेन्द्र वर्मा लिखित नाटक " मरणोपरांत " की प्रस्तुति की गई।

जिसका निर्देशन राजेश नाथ राम ने किया है।

"मरणोपरांत नाटक एक आत्मिक और मानसिक संघर्ष की गहरी दुनिया में जाती है । यह कहानी एक पति और उसकी पत्नी के प्रेमी के मानसिक संघर्ष पर आधारित है, जब उसकी पत्नी की मौत एक दुर्घटना से हो जाता है। यह नाटक प्रेम, विश्वास, और आत्मविश्वास के संघर्ष को दर्शाती है, जिसमें पति का दर्द और उसके पत्नी के प्रेमी का आत्म-संघर्ष जीवंत हो जाता है।

मरणोपरांत एक मानसिक व्यक्तिगत यात्रा का परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करता है, जो हमें आपसी संबंधों और आत्म-समझौते के महत्वपूर्ण पहलुओं को समझने के लिए इच्छुक करता है।

यह नाटक भावनाओं का संघर्ष और मानसिक उबाल का अद्वितीय और गहरा दृश्य है, जो वास्तविकता के साथ झूमता है।"

मंच पर -आदिल रशीद एवं राजेश राजा

मंच परे,प्रकाश परिकल्पना : रेयाज़ अहमद

पार्श्व ध्वनि : राहुल आर्यन,रूप सज्जा, पंकज कुमार,वस्त्र विन्यास आदित्य,मंच निर्माण : सुनील जी,पूर्वाभ्यास प्रभारी शशांक शेखर एवं अभिषेक मेहता,प्रस्तुति : विश्वा, पटना

लेखक : सुरेन्द्र वर्मा,निर्देशन राजेश नाथ राम ने किया है।हम इमेजिनेशन पटना एवं कुंदन कुमार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।